**मनमानी** | बिजली विभाग का जेई गोहपारू बना अराजक

# जेई की मनमानी से चल रही व्यवस्था




**नव भारत, गोहपारू ।** बिजली विभाग का न कोई नियम न कोई व्यवस्था, यहां जे ई के अलग नियम से व्यवस्था चलती है प्रमुख विंदु- गिरोह बना कर सुने घर में मातृ शक्तियों से करता है अभद्रता, अपनी अलग से सेना तैयार कर 10 लोगों के साथ जाकर गरीबों से पैसा वसूलता है है मार पीट की धमकी देता है, इसके लोग पहले गरीबों को पीटते है फिर fir कराते है, मतलब शोषण करने की टीम बनाकर जनता का शोषण करता है। इनके जो स्टाफ है जो खन्नौधी क्षेत्र के वो हर प्रकार का नशा करके उपभोक्ताओं के घर जाते है के इनको अपना होश नहीं रहता नशेडी गैंग के भरोसे बिजली विभागबिजली विभाग में भर्ती का कोई नियम नहीं है क्या ये आउटसोर्स के जो कर्मचारी है जो खन्नौधी क्षेत्र में रीडिंग लेने आते है नशा करते है फिर घरों में जाते है ज्यादातर लोग मार वा असभ्यता का परिचय देते है।

अभी वर्तमान में जीवन कुशवाहा जो खन्नौधी के है उनके घर में जाकर उसको मारे एवं मातृ शक्तियों के साथ अभद्रता की ऐसे कुछ मामले सामने आ जाते है बाकी पूरा क्षेत्र प्रताड़ित है। रोज 10 गुंडे लेकर रीडिंग लेंगे जो काम एक व्यक्ति से हो सकता है, इतने सारे लोगों को लेकर भीड़ के साथ डर का वातावरण बनाते है । एससी एसटी एक्ट का भय दिखाकर ब्लैकमेल करते है, लोग घर के अंदर घुस कर फोन चमकाते है वीडियो बनाकर परेशान करते है।इनके कर्मचारियों को कौन इतना आजादी देता है, अपराधी तो अपराधी होता है पहले पहल ये लोग करते है फिर कानून का भय दिखाकर लूट करते है। इनके कर्मचारियों और इनके ऊपर कार्यवाही हो, कानून का का भय खत्म हो रहा है, इनके सभी कर्मचारियों की जांच हो इसके बाद भर्ती हो प्रशासन वा पुलिस ध्यान दे अन्यथा इनके द्वारा बड़ी वारदात हो सकता है।



## कलेक्टर एवं एसपी ने हेलीपैड एवं धनपुरी वाटर पार्क का किया निरीक्षण

▸ **प्रदेश के मुखिया 8 फरवरी को पहुंचेगे धनपुरी**

**नवभारत, शहडोल ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 8 फरवरी 2026 को प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ.केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने लालपुर हेलीपैड एवं धनपुरी वाटर पार्क का निरीक्षण कर किए जा रहे तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग, लोगों के आवागमन जैसे सहित तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।ज्ञात हो को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा धनपुरी नगर पालिका द्वारा धनपुरी नगर में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त धनपुरी वाटर पार्क का 8 फरवरी 2026 को लोकार्पण करेंगे।धनपुरी वाटर पार्क में आमजन के मनोरंजन एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्विमिंग पूल, कॉन्फ्रेंस हॉल, इंडोर गेम्स रूम, एक्वा टावर, रेस्टोरेंट, वाहन पार्किंग, बैंक्वेट हॉल, वाटर पार्क साउंड सिस्टम तथा लेज़ी रिवर (आरसीसी स्ट्रक्चर) जैसी अन्य सुविधाएं विकसित की गई हैं।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## श्रीधाम गोरतरा कॉलोनी में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

**नवभारत, शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी वर्ष की यात्रा पूर्ण करने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सकल हिंदू समाज के माध्यम से कर रहा है। इसी क्रम में मंडल एवं बस्ती स्तर पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शहडोल के श्रीधाम गोरतरा कॉलोनी भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति में सर्व हिंदू समाज के लोगों का सहयोग रहा है। कार्यक्रम में कलश यात्रा, कन्या पूजन एवं सरस्वती माता, भारत माता की प्रतिमा के समक्ष मंगलदीप पुष्प फल अर्पित करते हुए वैदिक श्लोक के साथ पूजा अर्चना करके प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मंच पर मुख्य वक्ता प्रो. अर्चना जायसवाल समाजसेवी उपस्थित रहीं, सकल हिंदू समाज को सारगर्भित उद्बोधन के माध्यम से प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। गौरतलब है। कार्यक्रम में लगभग 1000 लोग सम्मलित हुए। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी ने मिलकर भारत माता की आरती वंदना किया और भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया।

## शिक्षा मंत्रालय द्वारा मनोदर्पण प्रकोष्ठ,राज्य स्तरीय परामर्श बैठक

**नवभारत, शहडोल ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनसीआरटी शिक्षा मंत्रालय ने मनोदर्पण प्रकोष्ठ एवं क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की गई बैठक में शहडोल जिले से चयनित काउंसलर टीम में संपूर्णा शुक्ला शास. हाई स्कूल पुलिस लाइन, दीप नारायण तिवारी शास. मॉडल उ.मा.वि, सृष्टि शांडिल्य कार्या. विकासखंड शिक्षा अधिकारी बुढार,राज्य स्तर पर सहभागिता करते हुए मानसिक स्वास्थ्य का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है,इस पर चर्चा कर अपने अनुभव साझा किया।



बैठक का उद्देश्य शिक्षा से जुड़े तंत्र में शिक्षकों,काउंसलरों, शैक्षिक प्रशासको के साथ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य भावनात्मक कल्याण और परामर्श व्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया !प्रदेश भर में से लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों,चुनौतियां एवं समाधान पर विचार- विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री उदय राज सिंह शिक्षा विभाग, संजय गोयल सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संयुक्त निदेशक पीएसएससीआईवीई से प्रो. दीपक पालीवाल, प्राचार्य क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान प्रो. शिवकुमार गुप्ता, मनोदर्पण प्रकोष्ठ प्रभारी विनोद शनवाल, विस्तार शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. रत्नमाला आर्य एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद दिल्ली से आए हुए मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।शासन के आदेशानुसार आगामी दिनों में जिले के विद्यालयों में शिक्षकों के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल मनोदर्पण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मनोदर्पण प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद शनवार ने बताया कि इस प्रकोष्ठ की शुरुआत जुलाई 2020 में हुई थी,पहली कार्यशाला राजस्थान के सीकर एवं दूसरी कार्यशाला म. प्र. में हो रही है।

## अवैध खनिज परिवहन करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**नवभारत,शहडोल ।** जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी अनुक्रम में देवलोंद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बुडवा की ओर से एक आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर की एवं ट्रॉली में अवैध रेत लोड कर तेज गति से जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक नहीं रुका तथा तेज गति से वाहन चलाते हुए मुख्य मार्ग छोड़कर जंगल के पास नाले में ट्रॉली पलट दी, जिससे ट्रॉली में लोड रेत आंशिक रूप से नाले में गिर गई। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अजय वैस पिता देवीदीन वैस उम्र 23 वर्ष निवासी झिरिया थाना देवलोद बताया। ट्रॉली में लोड रेत के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रॉली में लोड लगभग आधी ट्रॉली रेत को विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। चालक का कृत्य धारा 303(2), 317 बी.एन.एस., 4/21 खनिज अधिनियम, 130, 177(2), 130(1), 177(3) मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाया गया। जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को वैकल्पिक चालक की व्यवस्था कर थाना लाकर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी उ.नि. सुभाष दुबे के नेतृत्व में प्र. आर. सुनीत मिश्रा एवं आर. शिवेश त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।



## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता, प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत, शहडोल ।** रोड सेफ़्टी हेतु पी एम उषा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय ट्रेनिग प्रोग्राम कुलगुरू प्रो रामशंकर के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं में हो रही निरंतर वृद्धि को देखते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु एक विशेष रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात संकेतों का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएँ और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर, स्लोगन एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि 'सड़क सुरक्षा – जीवन सुरक्षा' है। आयोजकों ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति जिम्मेदारी से सड़क नियमों का पालन करे, तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। मुख्य अतिथि श्री संजय जैसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य व्यवहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। और ट्रैफिक की जानकारी साझा करते हुए विद्यार्थियों को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया।

**लापरवाही** | किसान एक सप्ताह से लगा रहे तहसील कार्यालय के चक्कर, जन्म-मृत्यु से लेकर तमाम कार्य लंबित हैं

# नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति से किसान परेशान



**अमरपुर नवभारत 4 फरवरी।** क्षेत्रीय किसानों को सुविधा और कम समय एवं कम खर्च पर जमीनी संबंधी समस्याओं का सही समय पर निराकरण किया हो इसलिए ब्लॉक मुख्यालय अमरपुर में उप तहसील कार्यालय की स्थापना तो कर दी गई हैं, लेकिन उप तहसील कार्यालय की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही हैं।

उप तहसील कार्यालय में किसान अपनी समस्या लेकर जैसे आते हैं वैसे ही वापस चले जाते हैं, क्योंकि यहां के प्रभारी नायब तहसीलदार शशांक सैंडे पर शाहपुर, नेवसा एवं अमरपुर वृत्त का बोझ होने के कारण वे किसानों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

### दस दिनों से कार्यालय नहीं पहुंचे नायब तहसीलदार

कार्यालय में उपस्थित किसानों ने बताया कि नायब तहसीलदार विगत दस दिनों से कार्यालय नहीं पहुंचे हैं, जिससे वह कार्यालय के चक्कर लगाकर वापस अपने घर चले जाते हैं। इस संबंध में कार्यालयीन कर्मचारियों का कहना था कि तीन-चार दिन से साहब नहीं आए हैं। इनके पहले यहां आशुतोष मिश्रा पदस्थ रहे, जिन्हें लेन रिकॉर्ड में भेज दिया गया हैं।

### बढ़ती जा रही किसानों की समस्या

इस प्रकार पूरे क्षेत्र के किसान, जिनके राजस्व प्रकरण दर्ज हैं वह सभी वर्तमान समय में भारी परेशान हैं। जिन किसानों के फौती, नामांतरण, त्रुटि सुधार, जन्म-मृत्यु से संबंधित कार्य लंबित पड़े हुए हैं, जिससे किसानों की समस्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही हैं।

**इनका कहना हैं**

मैंने एसडीएम न्यायालय में त्रुटि सुधार का प्रकरण दर्ज कराया हैं। एक वर्ष में उप तहसील से प्रतिवेदन नहीं जा सका हैं, जबकि मैं वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आता हूं।

**महेंद्र ठाकुर, कृषक रामगढ़**

## प्रत्येक गांव में पेयजल की व्यवस्था करने की मांग

▸ **विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को कांग्रेस ने सौंपा मांग पत्र**

**अमरपुर नवभारत 4 फरवरी।** विधायक ओम प्रकाश धुर्वे को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम कमकोमोहनियां में विद्यालय भवन लोकार्पण के समय तोक सिंह मरावी समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष अमरपुर द्वारा अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि शहपुरा विधानसभा में डुण्डीसरई, भोडासाज, बिलगढा, देवरी एवं राछो में बांध निर्माण कार्य हुए हैं, परंतु नहर नहीं बनने से सिंचाई की सुविधाएं किसानों को नहीं मिल पा रहे हैं। अत: नहर निर्माण कार्य कराया जाना अतिआवश्यक हैं। एकीकृत शा.उ.मा.वि. कमकोमोहनियां, जेडीईएस जुनवानी एवं एकीकृत विद्यालय निघौरी विकासखंड अमरपुर में पुस्तकालय हेतु अपने मद से राशि आवंटित की जाए ताकि विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अच्छी तैयारी कर सकें।

**ग्रामीणों को मनरेगा में रोजगार दिलाया जाए**-ज्ञापन में कहा गया कि प्रत्येक ग्राम में पीने के पानी की व्यवस्था की जाए ताकि सभी आमजनों को स्वच्छ पानी मिल सके। मनरेगा में रोजगार नहीं मिल पा रहा हैं, रोजगार दिलाई जाए ताकि आमजन काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन ना करें। हाई स्कूल जलेगांव विकासखंड अमरपुर वर्ष 2013 में खुला था, इस स्कूल को कक्षा 12वीं तक किया जाए एवं भवन निर्माण भी कराया जाए, क्योंकि यह स्कूल भवन विहीन हैं।

**कन्या हाईस्कूल का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया जाये**-कन्या हाईस्कूल अमरपुर का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया जायें, क्योंकि हाईस्कूल खुले लगभग 20 वर्ष बीत चुके हैं। यहां से 10वीं पास करने के बाद छात्राओं को भटकना पड़ता हैं। अमरपुर विकासखंड में कन्या शिक्षा परिसर नहीं हैं, खुलवायी जाये। एकीकृत शा.उ.मा.वि, निघौरी विकासखंड अमरपुर डिंडौरी पीएम श्री स्कूल हैं, वर्तमान का भवन छोटा हैं, बड़े भवन का निर्माण कराया जाये।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस मौके पर जगत सिंह मरावी पूर्व शिक्षक, राम सिंह पट्टा, संतु सिंह सैयाम, राम सिंह मरावी ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री, महादेव उईके पूर्व सरपंच, सेवा दास सोनवानी, धनी राम मरावी, पंकज मरकाम, सहदेव सिंह उईके, छत्तर सिंह मरावी, अनूप मरावी, सुंदर लाल मरावी सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ब्यौहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)**

रा.प्र.क्रं. 134/ अपील/अ-27/2025-26
Email-ro83beohari@gmail
क्रं./प्रवा./ /2026/ प्रो.क्रं.: 306
ब्यौहारी, दिनांक 27/01/2026

**/सूचना/**

एतद् द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, मेरे न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रं.-0062/अ-27/2021-22 अपीलार्थी रामजी पिता स्व. श्री रामदयाल गुप्ता निवासी ग्राम ब्यौहारी तहसील ब्यौहारी जिला-शहडोल म.प्र. के द्वारा विरुद्ध श्रीमती रूकमणि बेवा रामदयाल गुप्ता बगै. निवासी ब्यौहारी तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.) प्रचलित प्रकरण में अपीलार्थी/ रेस्पा.गण

1. श्री मती रूकमणी बेवा रामदयाल गुप्ता आयु 90 वर्ष निवासी ग्राम ब्यौहारी वार्ड क्रं. 14 थाना व तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र., 2. जवाहरलाल पिता स्व. श्री रामदयाल गुप्ता आयु 67 वर्ष निवासी ग्राम ब्यौहारी वार्ड क्रं. 14 थाना व तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र.,

3. हरीदास पिता स्व. श्री रामदयाल गुप्ता (मृत), 3 (क)- श्री मती प्रमिला गुप्ता बेवा हरीदास गुप्ता (मृत), 3 (ख)- अंजली पुत्री हरिदास गुप्ता आयु 38 वर्ष पति श्री विकाश गुप्ता निवासी ग्राम कटरा भीतर बजार सीतला माता मंदिर के पास थाना सागर जिला सागर म.प्र., 3 (ग)- अर्चना पुत्री हरिदास गुप्ता आयु 36 वर्ष पति श्री अतुल गुप्ता निवासी वार्ड क्रं. 15 थाना व तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र., 3 (घ)- अल्पना पुत्री हरिदास गुप्ता आयु 34 वर्ष पति श्री अर्शल गुप्ता निवासी बरेला वार्ड क्रं. 13 लक्ष्मण पैलेस जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र.

4. लक्ष्मी गुप्ता पुत्री रामदयाल गुप्ता (मृत), 4 (क)- प्रकाश गुप्ता पिता श्री पन्नालाल गुप्ता माँ लक्ष्मी गुप्ता निवासी ग्राम कृष्णनगर लक्ष्मी ट्रेडस सतना जिला सतना म.प्र., 4 (ख)- विकाश गुप्ता पिता श्री पन्नालाल गुप्ता माँ लक्ष्मी गुप्ता निवासी कृष्णनगर लक्ष्मी ट्रेडस सतना जिला सतना म.प्र., 4 (ग)- ज्योती गुप्ता पिता श्री पन्नालाल गुप्ता माँ लक्ष्मी गुप्ता निवासी लक्ष्मी ट्रेडस नियर एल.आई.सी. ऑफिस सतना जिला सतना म.प्र., 4 (घ)- रजनी गुप्ता पिता श्री पन्नालाल गुप्ता माँ लक्ष्मी गुप्ता निवासी श्री अनाज भण्डार सतना चौराहा अमरपाटन जिला सतना म.प्र.,

5. राधाबाई पुत्री रामदयाल गुप्ता पति रामदीन गुप्ता वार्ड क्रं. 8 ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र., 6. मीराबाई पुत्री रामदयाल गुप्ता पति उमाशंकर गुप्ता वार्ड क्रं. 8 ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र., 7. प्रेमलता पुत्री रामदयाल गुप्ता पति श्री लालजी गुप्ता निवासी नेहरू नगर रीवा आर.टी.ओ. एजेन्ट जिला रीवा म.प्र., 8. छोटी उर्फ अनीता गुप्ता पुत्री रामदयाल गुप्ता पति श्री गोपाल प्रसाद गुप्ता निवासी गोपाल मिष्ठान भंण्डार सीधी म.प्र., 9. दयाराम पिता बल्देव प्रसाद गुप्या निवासी ग्राम ब्यौहारी वार्ड क्रं. 3 थाना व तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र सूचित हो कि, उक्त उन्माद प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 13/02/2026 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवें। नियत तिथि कों उपस्थित नही होने पर गुण-दोष के आधार पर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.)**